हरिभूमि
भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

11 सुहागिनों ने पति की लंबी आयु के लिए रखा ...



12 हल्की बूंदाबांदी के बाद लोगों को होने लगा ठंड का अहसास



खबर संक्षेप



भिवानी। अवैध कॉलोनी में निर्माण गिराते हुए। फोटो : हरिभूमि

अवैध कॉलोनी में चला पीला पंजा, डीपीसी तोड़ी

भिवानी। नियंत्रित एवं शहरी क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नगर योजनाकार विभाग की टीम ने भिवानी-जोनपाल में तोड़फोड़ अभियान चलाया। जिला नगर योजनाकार अधिकारी जयदीप खरब ने बताया कि गांव की राजस्व भूमि में खसरा नंबर 229//3, 7, 8, 13, 14, 17 और 18 में करीब चार एकड़ में विकसित अवैध कॉलोनी में बने तीन डीपीसी और सड़क नेटवर्क को जेसीबी से ध्वस्त किया गया। कार्रवाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की मौजूदगी में हुई।

दादरी पुलिस ने सर्च अभियान चलाया

चरखी दादरी। नशा तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए दादरी पुलिस ने वीरवार को शहर के सैनीपुरा क्षेत्र में सर्च अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक लोगेश कुमार पी के मार्गदर्शन में शहर थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने निगरानी सूची में शामिल संदिग्धों के दो रिहायशी मकानों की तलाशी ली। इस दौरान कमरों और परिसरों की जांच करने के साथ संबंधित लोगों से पूछताछ भी की गई। हालांकि, पुलिस को कोई मादक पदार्थ, अवैध हथियार या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस ने निगरानी जारी रखने की बात कही और आमजन से नशा तस्करी की सूचना देने की अपील की।

खेत सिंचाई के बिना रहने के बने आसार, रबी फसल की बिजाई होगी प्रभावित

पहली बार ग्रुप के साथ निगाना फीडर में पानी चलाया जा रहा है

600 क्यूसेक कम पहुंचा नहरी पानी, जुई नहर को किया बंद





भिवानी। पानी की कमी के चलते बंद जुई नहर और माइनर पर उगी झाड़ियां दिखाता किसान। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में 1006 क्यूसेक, मिताथल फीडर में 254 तथा जुई फीडर में 343 पानी छोड़ा, अधिकांश माइनरों की टेल रही निल

कई दिनों के अंतराल के बाद जिले की नहरों में पानी पहुंचा। नहरी पानी मांग की अपेक्षा करीब छह सौ क्यूसेक कम पानी पहुंचा है। जिस वजह से मिताथल फीडर व जुई फीडर में आधे से भी कम पानी छोड़ा गया है। पानी की कमी के चलते जुई फीडर की ब्रांच को बंद कर दिया। हालांकि पहली बार ग्रुप के साथ निगाना फीडर में पानी चलाया जा रहा है,लेकिन जुई फीडर की सब ब्रांच को पूरी तरह से बंद कर दिया है। माना जा रहा है कि जब तक मांग के अनुरूप नहरी पानी नहीं मिलेगा। तब तक पानी की कमी झेलनी ही पड़ेगी। फिलहाल जिले की नहरों के लिए 16 सौ क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सिंचाई विभाग ने जिले की नहरों के लिए साढे 22 सौ क्यूसेक पानी छोड़े जाने की मांग भेजी थी,लेकिन पीछे से पानी कम मिलने की वजह से केवल 16 सौ क्यूसेक पानी मिल पाया। जिस वजह से सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी में 1006 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इनके अलावा मिताथल फीडर में 300 की अपेक्षा केवल 254 क्यूसेक तथा जुई फीडर में साढे आठ सौ क्यूसेक की जगह 343 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। पानी की कमी के चलते जुई फीडर की सब ब्रांच को बंद करके अन्य माइनरों में पानी छोड़ा गया है। पानी कम मिलने की वजह से अधिकांश माइनरों के टेल निल हो गए है। जिससे किसानों के खेत बिना सिंचाई के रहने के आसार बन गए है। उल्लेखनीय है कि इस बार न तो अच्छी बारिश हुई और न ही पर्याप्त नहरी पानी मिल पाया है। जिसके चलते किसानों के खेत बिना सिंचाई के खाली रहने के आसार बन गए है। अब रही सही कसर नहरी पानी ने निकाल दी। क्योंकि पानी की कमी के चलते अधिकांश माइनरों के टेल निल है। जिसके चलते उन पर पड़ने वाले खेत खाली ही रह जाएंगे।

माइनरों की नहीं हो पाई सफाई

अक्तूबर माह पूरा बीत गया,लेकिन अभी तक माइनरों की सफाई को लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया है। जिसके चलते जो नहरी पानी पहुंचा है। वह पानी बिना सफाई वाले माइनरों में ही छोड दिया है। जिसके चलते माइनर के अंतिम छोर तक किसी भी हॉल में नहरी पानी नहीं पहुंच पा रहा है। किसानों का कहना है कि इस बारे में कई बार अधिकारियों से मुलाकात करके सफाई कराए जाने की मांग की,लेकिन आज तक एक भी माइनर की सफाई नहीं करवाई गई है।

मोबाइल की दुकान में चोरी की आरोपी महिला गिरफ्तार



लोहारू। करीब एक माह पहले भिवानी में एक मोबाइल शॉप में सेंधमारी कर लाखों रुपयों के मोबाइल, मदरबोर्ड, मोबाइल बैटरी चोरी करने के मामले में लोहारू डिटेक्टिव स्टाफ ने सफलता हासिल करते हुए मामले की चौथी आरोपी महिला गिरफ्तार कर लिया है। महिला के कब्जे से पुलिस ने चोरी के 23 मोबाइल फोन, 73 मदरबोर्ड, 59 मोबाइल बैटरी व एक टैब बरामद किया है। उक्त मामले में पुलिस तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है और उनके कब्जे से चोरी की करीब 54 हजार रुपये की राशि भी बरामद कर चुकी है। आरोपी महिला को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया तथा न्यायालय ने महिला को न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेज दिया।

> महिला के कब्जे से चोरी के 23 मोबाइल फोन, 73 मदरबोर्ड, 59 मोबाइल बैटरी आदि बरामद

> उक्त मामले में पुलिस तीन आरोपियों को पहले ही कर चुकी है गिरफ्तार

न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेजा

लेघा निवासी ललित कुमार ने गत 17 अक्टूबर को दुकान में ताला तोडने और लाखों रुपयों के मोबाइल, बैटरी, मदरबोर्ड और टैब चोरी की पुलिस को शिकायत दी थी। उक्त मामले में लोहारू डिटेक्टिव स्टाफ की टीम चोरों का सुराग लगाने में जुटी मामले के तीन आरोपियों को एक सप्ताह के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दो आरोपियों चंडीगढ़ निवासी अनिल व तेजपाल के कब्जे से चोरी की 54 हजार रुपये की राशि भी बरामद की। वहीं तीसरे आरोपी को भी हिरासत में ले लिया। डिटेक्टिव स्टाफ लोहारू के एएसआई जोगिंदर की टीम ने मामले की चौथी आरोपी महिला चंडीगढ़ निवासी चांदनी को हिरासत में लिया है। जिसके कब्जे से पुलिस ने चोरी के 23 मोबाइल फोन, 73 मदरबोर्ड, 59 मोबाइल बैटरी व टैब बरामद किया है। पुलिस ने पुलिस ने आरोपी महिला को न्यायालय में पेश किया तथा न्यायालय में आरोपी महिला को न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेज दिया।

बाजरे की फसल का एक-एक दाना खरीदा जाएगा : कृषि मंत्री



बहल। बाजरे की खरीद का जायजा लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

बाजरे की सरकारी खरीद में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। खरीद प्रक्रिया में अनावश्यक शर्तें थोपने के बजाय किसानों की पूरी उपज खरीदी जाए। यह निर्देश प्रदेश के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बृहस्पतिवार को स्थानीय अनाज मंडी में बाजरा खरीद प्रक्रिया का जायजा लेते हुए अधिकारियों को दिए।

कृषि मंत्री ने मंडी में किसानों, व्यापारियों और खरीद एजेंसी के अधिकारियों से बातचीत कर खरीद व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार प्रदेश में सबसे ज्यादा फसलों को एमएसपी पर खरीद कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश का किसान जो भी फसल उगाएगा, उसकी खरीद सरकार करेगी। मंत्री राणा ने किसानों से कहा कि बाजरे की खरीद के दौरान यदि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी आती है तो

■ किसानों पर किसी तरह की अनावश्यक शर्त न थोपे

वे सीधे उन्हें अवगत कराएं। उन्होंने मंडी के व्यापारियों से फसल उठान, बारदाने और अन्य व्यवस्थाओं के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने मंडी प्रशासन और खरीद एजेंसी के अधिकारियों को खरीद प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि किसानों की फसल समय पर खरीदी जाए और निर्धारित समय में भुगतान सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान मार्केट कमेटी के चेयरमैन रवि महमिया ने कृषि मंत्री का स्वागत किया और उन्हें मंडी में आवश्यक विकास कार्यों की जरूरत से अवगत कराया।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा नेता पवन शर्मा सुरपुरा, सुमित नंदलाल मतानी, अशोक साबू, सचिव सुनील हुड्डा, राहुल शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

किसानों को बाजरे की भावांतर योजना का लाभ मिल रहा: श्याम सिंह राणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू

प्रदेश के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने गुरुवार को स्थानीय अनाज मंडी का दौरा किया और मंडी में किसानों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया।कृषि मंत्री ने अनाज मंडी का दौरा करते हुए कहा कि किसानों को बाजरे की भावांतर योजना का लाभ मिल रहा है। भाजपा सरकार ने हमेशा किसानों के कल्याण को महत्व दिया है तथा किसानों के कल्याण के लिए सरकार ने अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं को अमलीजामा पहनाया है। उन्होंने बताया कि लोहारू में अतिरिक्त अनाज मंडी और सब्जीमंडी का निर्माण कार्य प्रगति पर है। किसानों खरीद प्रक्रिया या खाद आदि की को कोई दिक्कत नही आने दी जाएगी। कृषि मंत्री स्थानीय विश्राम गृह में भी ठहरे और भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस मौके पर मार्केट कमेटी चेयरमैन संजय नेहरा ने कृषि मंत्री का अनाज मंडी में पहुंचने पर स्वागत किया तथा कृषि मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। कार्यक्रम के दौरान नपा चेयरमैन प्रदीप तायल, भाजपा नेता विजय शेखावत, कमलेश भोड़का, चुन्नीलाल स्वामी, प्रकाश शर्मा सहित अनेक आढ़ती और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।



कॉलोनी वैध कराने को लेकर प्रदर्शन

■ करीब 50 साल पहले आबाद हुई थी देवनगर कॉलोनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

देवनगर कॉलोनी को वैध कराने की मांग को लेकर गुरुवार को लोगों ने मुख्य चौक पर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। नगरपरिषद पार्षद सूर्या तंवर के नेतृत्व में एकत्रित लोगों ने चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर शुक्रवार को शहर में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का विरोध किया जाएगा। पार्षद सूर्या तंवर ने बताया कि देवनगर कॉलोनी करीब 50 साल पहले आबाद हुई थी, लेकिन आज तक इसे वैध नहीं किया गया है। इस संबंध में अधिकारी से लेकर मंत्री तक गुहार लगाई जा चुकी है।



नगरपरिषद कई बार फाइल तैयार कर मुख्यालय भेज चुकी है, लेकिन कमियां बताकर उसे वापस लौटा दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि कॉलोनी अवैध होने के कारण लोगों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। पेयजल लाइन नहीं होने से लोगों को गर्मियों में पानी खरीदना पड़ता है। भूमिगत पानी खारा है। बिजली के तार भी कई जगह बल्लियों के सहारे लटके हैं, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। प्रदर्शन में धर्मपाल मंढाणा, बहाल सिंह सिवाच, धर्मी, जिले सिंह, विजय बल्हारा सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

समाधान शिविर में एसडीएम ने सुनीं आमजन की समस्याएं

चरखी दादरी। बाढड़ा के एसडीएम आशीष सांगवान ने वीरवार को अपने कार्यालय में समाधान शिविर आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन की समस्याओं के निपटान में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। अधिकारियों को नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता बरतने की भी हिदायत दी गई।

ज्वेलर्स की दुकान से चांदी के आभूषण चोरी करने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

भिवानी। सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी की टीम ने चोरीशुदा चांदी के आभूषण, वारदात में प्रयोग की गई गाड़ी व नकदी की बरामद। आरोपियों से 07 लाख 15 हजार रुपये की बरामदगी। चोरी के आभूषण खरीदने वाला ज्वेलर्स भी गिरफ्तार। सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी की टीम ने दादरी गेट सर्कुलर रोड स्थित ज्वेलर्स की दुकान से लाखों के चांदी के आभूषण चोरी करने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। शिकायतकर्ता विशाल निवासी पतराम गेट, भिवानी ने थाना शहर भिवानी में शिकायत दर्ज करवाई थी कि उसकी दादरी गेट सर्कुलर रोड पर श्याम ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। 18 अक्टूबर की रात को दुकान में चोरी हो गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया था कि चोर दुकान का ताला तोड़कर वहां से लाखों रुपये के चांदी के आभूषण चोरी करके ले गए थे। थाना शहर भिवानी ने इस संबंध में शिकायत दर्ज की थी।

संत सतगुरु कंवर साहेब ने साध संगत को प्रवचनों से किया निहाल

परमात्मा के प्रति विश्वास, प्रेम और समर्पण का प्रतीक है करवाचौथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भारत की संस्कृति में व्रत-त्योहारों का विशेष महत्व है। करवाचौथ का त्योहार भी हमें परमात्मा के प्रति विश्वास, प्रेम और समर्पण का संदेश देता है। यह सत्संग वचन दिनोद गाँव में परमसंत सतगुरु कँवर साहेब महाराज ने फ़रमाये। करवाचौथ की शुभकामनाएँ देते हुए हुजूर कँवर साहेब ने कहा कि बेशक हमने इन व्रतं-त्योहारों को किसी एक निर्धारित तिथि पर मनाना शुरू कर दिया है, लेकिन सत्य यह है कि इन त्योहारों के पीछे जो श्रद्धा, प्रेम, विश्वास और समर्पण का भाव है, वह सदैव हमारे भीतर विद्यमान रहता है। उन्होंने कहा कि परमात्मा के बिना हमारा कोई भी कार्य नहीं संवरता। वह परमात्मा ही है जो हमें जीवन प्रदान करता है और हर पल हमारा सहारा बनता है, फिर हम उसे केवल दुख और संकट के समय ही क्यों याद करें। सुख में भी परमात्मा का स्मरण करना चाहिए और प्रत्येक कार्य में उसकी कृपा के प्रति कृतज्ञ रहना चाहिए। सच्ची भक्ति वही है, जिसमें मनुष्य का विश्वास परिस्थितियों के साथ न बदले। व्रत-त्योहार हमें अपनी दिनचर्या से कुछ समय निकालकर आत्मचिंतन करने, अपने रिश्तों की अहमियत समझने और जीवन में प्रेम,



त्याग तथा सद्भाव को अपनाने की प्रेरणा देते हैं। यदि हमारे आचरण में दया, विनम्रता और परोपकार नहीं है, तो केवल बाहरी धार्मिक क्रियाओं से जीवन का वास्तविक उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता।

सुहागिनों को करवाचौथ की कथा सुनाई

हुजूर कंवर साहेब महाराज ने संगत में बैठी सुहागिनों को करवाचौथ की कथा सुनाते हुए कहा कि इस व्रत का संदेश केवल पति की दीर्घायु की कामना तक सीमित नहीं है, बल्कि यह दांपत्य जीवन में अटूट विश्वास, प्रेम, निष्ठा और एक-दूसरे के प्रति समर्पण का प्रतीक भी है। करवाचौथ की प्रचलित कथा में एक पतिव्रता स्त्री के दृढ़ संकल्प, प्रेम और विश्वास को दर्शाया गया है। उन्होंने कहा कि इन कथाओं का मूल भाव यह है कि जीवन में विश्वास के साथ विवेक, प्रेम के साथ धैर्य और समर्पण के साथ सत्य का होना भी जरूरी है । हुजूर महाराज ने समझाया कि जिस प्रकार करवाचौथ का व्रत अपने प्रिय के प्रति निष्ठा और विश्वास का प्रतीक है, उसी प्रकार मनुष्य के हृदय में परमात्मा के प्रति भी अटूट विश्वास होना चाहिए। जैसे सुहागिनें अपने पति की मंगलकामना के लिए व्रत रखती हैं, वैसे ही प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में सद्कर्म, संयम और सेवा का संकल्प लेना चाहिए। परमात्मा की भक्ति केवल शब्दों या कर्मकांडों तक सीमित न रहे, बल्कि हमारे व्यवहार और विचारों में भी दिखाई देनी चाहिए। परिवार में प्रेम, बड़ों का सम्मान, छोटों के प्रति स्नेह और जरूरतमंदों की सहायता करना ही धार्मिक संस्कारों की वास्तविक पहचान है। हुजूर कँवर साहेब महाराज ने संदेश दिया कि व्रत-त्योहार तभी सार्थक होते हैं, जब वे हमारे जीवन में आध्यात्मिक जागृति लाएँ और हमें बेहतर इंसान बनने की प्रेरणा दें।

राज्य स्तरीय महिला पुरस्कारों के लिए पांच तक करें ऑनलाइन आवेदन

भिवानी। महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा द्वारा राज्य स्तरीय महिला पुरस्कार वर्ष 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक पात्र महिलाएं 5 नवंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। सुषमा स्वराज पुरस्कार के लिए योग्य महिला को नामांकित करने के साथ डीसी कार्यालय के माध्यम से भी 5 नवंबर तक नामांकन भेजना होगा। डीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित करने के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इन पुरस्कारों का उद्देश्य महिलाओं के उल्लेखनीय योगदान को पहचान देना तथा समाज में अन्य महिलाओं को भी उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित करना है। सुषमा स्वराज पुरस्कार, इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार, बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार, लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार, सरकारी कर्मचारी पुरस्कार, सामाजिक कार्यकर्ता पुरस्कार, महिला उद्यमी पुरस्कारों के लिए पांच तक आवेदन करना होगा।



हेलोवीन की रात, रंग-बिरंगी पोशाकें पहनकर किआन, फ्रेया, माइकल और रायन ट्रिक ऑर ट्रीट के लिए निकले थे, लेकिन रास्ते में उनका सामना हुआ कुछ ऐसे रहस्यों से, जिसने उनकी हंसी को चीखों में बदल दिया। रहस्य खुलने पर चीखें वापस हंसी में बदल गईं। हर कदम पर नया सरप्राइज देती हेलोवीन की वह शाम इन बच्चों के लिए बहुत ही रोमांचकारी थी।

सरप्राइज वाली हेलोवीन की शाम





कहानी
रेनू मंडल

कैलिफोर्निया के प्लेजेंटन सिटी में 31 अक्टूबर की शाम को बहुत रौनक थी। पिछले एक माह से पूरे अमेरिका में हेलोवीन त्योहार की जोर-शोर से तैयारियां चल रही थीं। आखिरकार आज वह दिन आ ही गया था। घरों और दुकानों के बाहर रंग-बिरंगी रोशनियों के साथ बड़े-बड़े कद्दू सजाए गए थे। इन कद्दुओं पर बड़ी-बड़ी डरावनी आंखें और मुंह बने हुए थे। घरों के बाहर कंकाल, चुड़ैलें, मकड़ियों और भूतों की आकृतियां लटक रही थीं।

किआन, फ्रेया, माइकल और रायन को इस शाम का बेसब्री से इंतजार था। चारों ने अलग-अलग पोशाकें पहन रखी थीं। किआन ने स्पाइडर-मैन, माइकल ने जादूगर, रायन ने बैटमैन और फ्रेया ने परी की ड्रेस पहनी थी। इन बच्चों ने ट्रिक और ट्रीट के लिए अपनी बॉस्केट भी तैयार कर ली थीं। सभी बच्चे माइकल के घर एकत्रित थे। माइकल के पापा ने मुस्कुराते हुए कहा, 'सुनो बच्चो, सदियों पहले लोग मानते थे कि आज की रात प्रेतात्माएं सड़कों पर घूमती हैं। उनसे बचने के लिए लोग डरावने रूप बदलते थे। आज तो खैर यह मौज-मस्ती और चॉकलेट्स जुटाने के त्योहार के रूप में मनाया जाता है।'

'इन बड़े-बड़े कद्दुओं का क्या मतलब?' किआन को जिज्ञासा हुई। 'यह भी बुरी आत्माओं को भगाने का प्रतीक है।' माइकल के पापा ने बताया।

'सचमुच, आज बहुत मजा आने वाला है।' फ्रेया ने अपनी ड्रेस लहराते हुए कहा। स्ट्रीट पर रंग-बिरंगी पोशाकों में न जाने कितने बच्चे नजर आ रहे थे। चारों बच्चे अपनी बास्केट लेकर निकल पड़े। हर घर के दरवाजे पर दस्तक देकर वे चिल्लाते, 'ट्रिक ऑर ट्रीट..!' पड़ोसी मुस्कुराते हुए बाहर निकलकर उनकी बास्केट में रंग-बिरंगी कैंडीज, चॉकलेट्स और डोनट्स भर रहे थे। बच्चों का उत्साह बढ़ता जा रहा था। तभी वे उस इलाके की सुनसान सड़क पर पहुंचे। अचानक उन्हें अपने पीछे आहट सुनाई दी। इससे पहले कि वे चारों पलटकर देखते, काले कपड़ों में लिपटी एक आकृति बिजली की गति से झपटी और चारों को दबोच लिया। 'आऽऽऽआ!' चारों की चीख वातावरण में गूंज उठी। उस आकृति ने भयानक आवाज में कहा, 'आज तुम्हें असली ट्रिक का मजा चखाता हूं।'





'छोड़ दो, कौन हो तुम?' किआन चिल्लाया। इससे पहले कि चारों डरकर भागते, आकृति ने अपना मास्क उतारा। 'मैक्स..!' फ्रेया चिल्लाई। माइकल ने अपना सिर पकड़ लिया, 'यार, तुमने तो हमारी जान ही निकाल दी।' मैक्स ठहाका लगाकर हंस पड़ा, 'तुम सब ट्रिक और ट्रीट चिल्ला रहे थे, तो मैंने सोचा एक सरप्राइज दूं।'



सब हंसने लगे। अभी वे आगे बढ़े ही थे कि अचानक ठिठक गए। गली के मोड़ पर एक बड़ा-सा कद्दू अपने आप हिल रहा था। 'हवा नहीं चल रही फिर यह कद्दू कैसे हिल रहा है?' फ्रेया चौंकी। 'तुम ठीक कह रही हो।' बच्चे हिचकते हुए थोड़ा पास पहुंचे। कद्दू के भीतर से एक धीमी आवाज आई, 'बचाओ.. मुझे यहां से निकालो।' सबकी आंखें घबराहट और आश्चर्य से फैल गईं। हिम्मत करके किआन आगे बढ़ा। उसने टॉर्च की तेज रोशनी में देखा। कद्दू के पीछे पतले बिजली के तार छिपे हुए थे, जो फूलों की घनी क्यारियों में रखे एक छोटे वायरलेस स्पीकर तक जा रहे थे। तभी क्यारियों के पीछे से एक और डरावनी आवाज आई, 'भूऽऽऽत!' चारों उछल पड़े। लेकिन अगले ही क्षण उनके कानों में ठहाका गूंजा। क्यारियों के पीछे से हंसते हुए मैक्स बाहर निकला। 'ओह! तुम फिर से..!' चारों एक साथ बोल पड़े। 'बाय गॉड, क्या शक्ल थी तुम चारों की!' मैक्स हंसा। उन सबने उसकी पीठ पर धौल जमा दी। 'यह मेरा दूसरा सरप्राइज था।' मैक्स शरारत से बोला। 'बच्चू, अगर अब तुमने कोई हरकत की तो तुम्हें छोड़ेंगे नहीं।' रायन हंसते हुए बोला। पांचों दोस्त अपनी चॉकलेट से भरी बास्केट उठाकर आगे बढ़ ही रहे थे कि अचानक फ्रेया रुक गई।

'शश्श्श!'

'अब क्या हुआ?' माइकल ने पूछा।

उसने सामने सड़क की ओर इशारा किया, 'वहां देखो!' सबने देखा, सड़क के दूसरी ओर स्ट्रीट लाइट के नीचे काला लंबा कोट और हैट पहने एक व्यक्ति खड़ा था। अंधेरे में उसका चेहरा साफ नजर नहीं आ रहा था। 'देखो, इसके हाथ में एक लालटेन है।' किआन बोला। उस आदमी ने पांचों को देखा और तेजी से मुड़कर गायब हो गया। 'हमें चलकर देखना चाहिए, वह कौन है और इतनी जल्दी कहां गायब हो गया?' माइकल बोला। तभी सामने वाले घर में पीली रोशनी जल उठी और घर के अंदर से ठक-ठक की आवाज आई। माइकल घबराकर बोला, 'मुझे लगता है कि इस घर में कोई है!' 'लेकिन यह घर तो कई दिनों से बंद है।' रायन ने बताया। अचानक खिड़की पर एक परछाई दिखाई दी। वह धीरे-धीरे दाएं से बाएं सरकी और फिर गायब हो गई। 'वह कौन था?' माइकल ने फुसफुसाकर पूछा। किआन हिम्मत करके दरवाजे के पास पहुंचा। वहां जमीन पर एक छोटी-सी लालटेन रखी थी। उसकी रोशनी सामने पेड़ पर पड़ रही थी। पेड़ की टहनी पर एक चाबी लटक रही थी।





'यह क्या चक्कर है? इतनी ऊंचाई पर किसने चाबी टांगी है?' रायन बोला।

'देखते हैं।' किआन ने पास पड़ी छड़ी से चाबी नीचे गिराई। चाबी उठाते ही घर के भीतर से जोरदार आवाज आई, 'धड़ाम..!' पांचों बच्चे उछल पड़े। 'हा हा हा डर गए..!' बच्चों ने पलट कर देखा। काले कोट और हैट में कोई और नहीं मिस्टर ब्राउन खड़े थे और ठहाका लगा रहे थे।

'ओह मिस्टर ब्राउन! आपने तो हमें डरा ही दिया।' बच्चे खिलखिलाए।

मिस्टर ब्राउन मुस्कुराकर बोले, 'लेकिन असली रहस्य अभी बाकी है।' उन्होंने चाबी से पेड़ के नीचे रखे एक छोटे से लकड़ी के बक्से का ताला खोला। अंदर छोटी-छोटी लालटेनें, कैंडीज और चॉकलेट्स थीं। उन्होंने बच्चों की बास्केट्स में सभी चीजें पलटते हुए कहा, 'हर साल मैं हेलोवीन पर बच्चों के लिए रोमांचक खेल तैयार करता हूं। तुमसे पहले अभी तीन बच्चे आए थे, मुझे दूर से ही देख डर कर भाग गए।' मिस्टर ब्राउन फिर हंसे, 'मुझे खुशी है, तुम लोग बहादुर निकले।'

'ओह अंकल, अगली बार इतना मत डराना।' फ्रेया ने मुस्कुरा कर कहा। पांचों बच्चों की बास्केट्स अब पूरी तरह भर चुकी थीं। रात भी हो गई थी। मिस्टर ब्राउन को 'हैप्पी हेलोवीन' कहते हुए पांचों बच्चे जगमगाती सड़कों से अपने घर की ओर चल पड़े।

हेलोवीन की आज की शाम उनके लिए रोमांचक और यादगार शाम बन गई थी। *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

रोचक-मनोरंजक चित्रकथा

बच्चो, तुम्हारे लिए चित्रकथा की एक रोचक किताब आई है। किताब का शीर्षक है- मेरे नन्हे दोस्त के लिए एक घर। यह किताब दो भाषाओं- हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है। मूल अंग्रेजी किताब का नाम है- ए होम फॉर माय लिटिल फ्रेंड। इस किताब के लेखक हैं राकेश आनंद बख्शी, जो कि मशहूर गीतकार आनंद बख्शी के सुपुत्र हैं। तुम्हारे लिए इस किताब का हिंदी अनुवाद किया है डॉ. शालिनी अगम ने।



सुंदर रंगीन चित्रों से सजी यह किताब, तुम्हें नीसा नाम की एक लड़की और एक छोटी-सी घायल मछली की दोस्ती के बारे में बताती है। घर की जरूरत और महत्व की जानकारी देती है। इस किताब के सार के रूप में लेखक कहते हैं- सभी जीवों की सही जगह उनका प्राकृतिक घर होता है। जो हमें हमारा घर ढूंढ़ने में मदद करें, वे बहुत खास होते हैं। इस किताब के अंग्रेजी-हिंदी दोनों वर्जन उपलब्ध हैं। उर्वा शर्मा द्वारा बनाए गए चित्रों ने इस किताब को और भी खूबसूरत बना दिया है। *

किताब : मेरे नन्हे दोस्त के लिए एक घर, **लेखक :** राकेश आनंद बख्शी, **अनुवाद :** डॉ. शालिनी अगम, **मूल्य :** 250 रुपए, **प्रकाशक :** अद्विक प्रकाशन, नई दिल्ली

हंसगुल्ले



पप्पू: ऐसी कौन-सी चीज है, जो तुम ब्रेकफास्ट में कभी नहीं खा सकते हो?
गप्पू: लंच और डिनर।
- रोशनी, भिलाई

टीचर: कल मैं चांद पर लेक्चर देने जा रही हूं, तुम लोग क्लास मिस मत करना।
चिंटू: लेकिन मैं नहीं आ पाऊंगा मैम।
टीचर: क्यों?
चिंटू: वो क्या है कि मेरी मम्मी मुझे इतनी दूर जाने नहीं देंगी।
-कुणाल, बिलासपुर

भोलू: वह कौन सा अंग्रेजी का शब्द है, जिसे कोई 'राइट' नहीं लिख सकता?
गोलू: ऐसा कौन सा शब्द है? तू ही बता।
भोलू: वह शब्द है-रॉन्ग।
- रोहन, भोपाल

जीके क्विज-229

1. पैरा एशियाई खेल 2026 में मोना अग्रवाल ने किस खेल में स्वर्ण पदक जीता?
2. भारतीय वायु सेना के 94वें स्थापना दिवस पर एयर शो का आयोजन कहां किया गया?
3. भारत के वर्तमान विदेश मंत्री कौन हैं?
4. बृहस्पति के सबसे बड़े उपग्रह का नाम क्या है?
5. शुष्क बर्फ किस गैस के ठोस रूप को कहते हैं?
6. महाकालेश्वर मंदिर किस राज्य में स्थित है?
7. भारत रत्न से सम्मानित पहले विदेशी नागरिक कौन थे?
8. किस नदी को 'चीन का शोक' कहा जाता है?
9. झारखंड की राजधानी कहां है?
10. संयुक्त राष्ट्र दिवस कब मनाया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-229 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-228 का उत्तर : 1. समर्थक, 2. महर्षि वाल्मीकि, 3. फ्रांसिस हाल्जेन, 4. सीपीयू, 5. 31 अक्टूबर, 6. लोकसभा, 7. भारत रत्न, 8.विटामिन सी, 9. सरदार वल्लभ भाई पटेल, 10. कंचनजंगा

जीके क्विज-228 का सही उत्तर देने वाले : कबीर-हिसार, रचित-रायपुर, कुसुम-बिलासपुर, रोहन-महेंद्रगढ़, सुमन-ईमेल से, दिव्या-रोहतक, प्रियांश-बलौदा बाजार, हर्षित-कटनी, पूनम-महासमुंद, कुणाल-दुर्ग, तृषा-दिल्ली

एडवाइस
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, अपने मम्मी-पापा से तुम्हें पॉकेट मनी तो मिलती ही होगी। ज्यादातर तुम उससे कोई खाने की चीज खरीदते होगे या फ्रेंड्स के साथ पार्टी करते होगे। लेकिन अगर तुम अपनी पॉकेट मनी से दूसरों की मदद करो, तो तुम्हें बहुत खुशी मिलेगी।

खूब समझदारी से करो पॉकेट मनी का इस्तेमाल



बच्चो, जब भी तुमको पॉकेट मनी मिलती है, तुम फटाफट उसे खर्च करने के बारे में सोचने लगते होगे। लेकिन हम तुमको यहां पिछले दिनों चर्चित रही मन को छू लेने वाली एक घटना के बारे में बता रहे हैं, जिसके बारे में जानकर तुम अपनी पॉकेट मनी सही तरीके से खर्च करना सीख जाओगे। उत्तर प्रदेश स्थित आगरा शहर के एक स्कूल में तीसरी क्लास के बच्चों ने अपनी पॉकेट मनी के पैसे जोड़कर अपने गरीब सहपाठी की मदद की। दरअसल, उस बच्चे की फीस में 700 रुपए कम पड़ रहे थे। सभी क्लासमेट्स ने मिलकर उसकी फीस जमा कर दी, ताकि वह भी पूरी क्लास के साथ एग्जाम दे पाए। जरा सोचो, इन बच्चों ने अपनी पॉकेट मनी खेलने या खाने में फटाफट खर्च कर डालने के बजाय पैसे बचाकर रखे होंगे, तभी वे अपने साथी की हेल्प कर पाए। तुमको भी पैरेंट्स से मिलने वाली पॉकेट मनी को सही और सार्थक तरीके से इस्तेमाल करना चाहिए।

सेविंग करना अच्छी हैबिट: बात चाहे मम्मी-पापा से मिली पॉकेट मनी की हो या फिर किसी त्योहार या बर्थ-डे पर बड़ों से आशीर्वाद के रूप में मिले पैसों की। तुम्हें सब कुछ खर्च करने के बजाय थोड़ी बचत भी करनी चाहिए। फिजूलखर्ची के बजाय सेविंग करना अच्छी आदत है। यह बचत किसी की मदद करने में काम आ सकती है। अपनों को सरप्राइज देना चाहो तो उपहार खरीदने के लिए यूज की जा सकती है। इतना ही नहीं किसी मनपसंद खिलौने या गेम के लिए भी अपने बचाए पैसे काम में ले सकते हो। अपनी पॉकेट मनी से खरीदकर कोई पेड़ लगा सकते हो। सेविंग से जुड़ी तुम्हारी यह समझदारी भरी आदत मम्मी-पापा को भी अच्छी लगेगी।



मदद से मिले खुशी: किसी की छोटी से छोटी मदद करना भी मन को बहुत बड़ी खुशी देता है। इतना ही नहीं, किसी की किसी भी रूप में की गई सहायता हमारे मन में करुणा और अपनत्व की भावना जगाती है। प्यारे से जुड़ाव को बल देती है। यूं किसी भी कई तरह से किसी अपने-पराए की हेल्प की जा सकती है। पर कई बार सामूहिक रूप में फाइनेंशियल मदद करना बड़ी राहत देने वाली बात होती है। इसके लिए अपनी पॉकेट मनी को मैनेज करना बहुत जरूरी है। अगर पैसे मिलते ही उसे खर्च कर दिए तो परेशानी में फंसे किसी साथी की हेल्प कैसे कर पाओगे? मुसीबत में मदद करने के अलावा भी तुम नियमित अपनी पॉकेट मनी का कुछ हिस्सा किसी की सहायता के लिए रख सकते हो। किसी त्योहार पर या अपने जन्मदिन पर किसी जरूरतमंद की हेल्प करना तुम्हारे दिन को और खास बना देगा। हेल्प करने की यह हैबिट तुम्हारे मन में ही नहीं समाज में प्रेम और परवाह के भाव को बढ़ाने वाली आदत है।

आत्मनिर्भर बनने की सोच: पॉकेट मनी में मिले कुछ पैसे हमेशा अपने पास रखने चाहिए। कभी स्कूल वैन न आने पर अचानक स्कूल से खुद घर आना हो, तो ऑटो-टैक्सी का किराया तुम्हारे पास होगा। स्कूल कैंटीन में कुछ खाने का मन हो या अपने दोस्तों के साथ ट्रीट करनी हो तो सोचना नहीं पड़ेगा। कोई क्लासमेट टिफिन भूल आए, तो उसके साथ भी कैंटीन में खाना शेयर कर सकते हो। जानते हो मम्मी-पापा पॉकेट मनी देते ही इसलिए हैं कि तुम पैसे की वैल्यू समझ सको। सही ढंग से और सही जगह खर्चा करना सीखो। जेब खर्च को बिना सोचे-समझे एक ही बार में खर्च कर डालने के बजाय मनी मैनेजमेंट सीखना बहुत जरूरी है। यह हैबिट बड़े होने पर भी तुम्हारे लिए बहुत उपयोगी साबित होगी। इसलिए आज ही से खुद से प्रॉमिस करो कि पॉकेट मनी का कुछ पार्ट तुम जरूर सेव करोगे। *

कविता / देवी प्रसाद गौड़

पों-पों करती बस आ जाती



सभी इमेज एआई

पों-पों कर के रोज सवेरे,
रंग-बिरंगी बस आ जाती।
बस्ता लेकर जल्दी आओ,
खड़ी द्वार पर हमें बुलाती।।
झांक रहा खिड़की से चुन्नू,
देख-देख मुझको मुस्काता।
देर जरा भी हो जाती तो,
चालक भैया शोर मचाता।।
भरी ठसाठस धीरे-धीरे,
सबसे पीछे गौरा चढ़ती।
खिसक-खिसक, तू उधर खिसक जा
सब बच्चों से बस में लड़ती।।
कोई कुछ भी बोल गया तो,
बात-बात पर ठिन-ठिन करती।
पूजा बैठी नजर झुका कर,
इससे रहती डरती-डरती।।

तरह-तरह के बच्चे चढ़ते,
मोटर में मेला लग जाता।
कोई हंसता कोई रोता,
कोई घर की कथा सुनाता।।
मधुमंगल पूजा का भाई,
उसे चिढ़कर टॉफी खाता।
कोई बाहर हाथ हिला कर,
बाय-बाय करने लग जाता।।
बड़ी मधुर छुट्टी की घंटी,
इसकी टन-टन बहुत सुहाती।
मम्मी-पापा खेल खिलौने,
सारे घर की याद दिलाती।।
मुरझाए से फूल खिलाती,
घंटी जादू-सा कर जाती।
चले दौड़ कर गिरते-पड़ते,
पलक झपकते बस भर जाती।।

अंतर बताओ

बच्चो, यहां मैजिक शो कर रहे चीकू खरगोश के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में आठ अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में आठ अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर: 1.चीकू का मुंह बंद है। 2.चीकू की बी टाई का कलर अलग है। 3.चीकू के मैजिक स्टिक का निचला हिस्सा व्हाइट है। 4.कलरफुल एग के बीच वाले सर्किल का कलर अलग है। 5.चित्र में एक स्टार अधिक दिख रहा है। 6.ऊपर दाईं तरफ पर्दे में एक फोल्ड अधिक है। 7.नीचे बाईं तरफ पर्दे में एक फोल्ड अधिक है। 8.बाईं तरफ पर्दे में एक नॉट अधिक बंधा हुआ है।

नाम पूरा करो

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में बाईं तरफ कुछ एनिमल्स के चित्र दिए गए हैं। दाईं तरफ अंग्रेजी में उनके नाम लिखे गए हैं, लेकिन इनमें से प्रत्येक के नाम में एक लेटर मिसिंग है। तुम वो मिसिंग लेटर लिखकर इन एनिमल्स के नाम पूरे करो।



monke ____
shee ____
chicke ____
goa ____

सोलह शृंगार करके भगवान गणेश एवं चौथ माता की सुनीं कहानियां

सुहागिनों ने पति की लंबी आयु के लिए रखा करवाचौथ का व्रत, दिनभर रहीं भूखी-प्यासी

- भगवान गणेश व चौथ माता की कहानी सुनने के बाद सूर्यदेव को पानी का अर्घ्य दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी





भिवानी। करवाचौथ पर भगवान गणेश व चौथ माता की कथा सुनती सुहागिनें व करवाचौथ पर्व पर बाजार में लगी महिलाओं की भीड़।

गुरुवार को सुहागिनों ने करवाचौथ व्रत रखकर पति की दीर्घायु के लिए भगवान गणेश व चौथ माता से प्रार्थना की। सुहागिनों के लिए करवाचौथ पर्व बहुत ही खास होता हैं, जिसको लेकर वह कई दिन पहले से तैयारी शुरू कर देती हैं। महिलाओं ने बाजार में साड़ी, चूड़ी, गहने, कॉस्मेटिक सामान, पूजन सामान की जमकर खरीददारी करती हैं। सुहागिनें करवाचौथ को लेकर बहुत ही खुश एवं उत्साहित रहती हैं। करवाचौथ पर बाजार में हर तरफ महिलाओं की अच्छी खासी भीड़ नजर आती हैं। प्रत्येक दुकान पर महिलाएं कुछ न कुछ खरीददारी करती दिखाई देती हैं।

करवाचौथ पर सुहागिनों ने सोलह शृंगार करके अपने हाथों में अपने सजना के नाम की मेहंदी रचाई और पूरे दिन भूखी-प्यासी रहकर पति की लम्बी उम्र की कामना के लिए व्रत रखा। गली मोहल्लों में दोपहर को सुहागिनों ने एकत्रित होकर करवाचौथ पर्व पर भगवान गणेश व चौथ माता की कहानियां सुनी और अपने पति की दीर्घायु के लिए कामना की। भगवान गणेश व चौथ माता की कहानी सुनने के बाद सूर्यदेव को पानी का अर्घ्य दिया। गुरुवार को रात 8:17 बजे छलनी के अंदर से चांद व पति का दीदार किया और पति के हाथ से पानी पीकर करवाचौथ का व्रत खोला और उनके चरण स्पर्श कर सदा सुहागिन बनी रहने की कामना की। नाइक्लालो की गली, बिचला बाजार, कीर्ति नगर, विद्यानगर, पुराना पटवार खाना चूहड़सिंह की बाजारी, नूनसर जोहड़, हनुमान ढाणी व गुजरो की ढाणी आदि में सुहागिनों ने एकत्रित होकर सामूहिक रुप से करवाचौथ पर भगवान गणेशजी व चौथ माता की कथा सुनीं। सुहागिन पूजा, उषा, इंदु, कमलेश, रेणु, सुनीता व शकुंतला आदि ने बताया कि करवाचौथ व्रत हर सुहागिन के लिए बहुत ही विशेष होता हैं। महिलाओं ने दिनभर भूखे-प्यासे रहकर पति की दीर्घायु एवं स्वस्थ्य रहने की कामना की। वहीं सुहागिनों ने चौथ माता व गणेश भगवान से ताउम्र सुहागिन जीवन जीने की प्रार्थना की। दोपहर को कथा संपन्न होने के बाद सुहागिनों ने सूर्यदेव को अर्घ्य दिया और चंद्र उदय तक उनके शरीर में वहीं तेज बना रहने की प्रार्थना की, ताकि वे अपने संकल्प को पूरा कर सकें।

पार्लरों में रही भीड़, करना पड़ा इंतजार

करवाचौथ पर सजने संवरने के लिए सुहागिनों ने ब्यूटी पार्लरों में एंडवास बुकिंग करवा रखी थी। इसके बावजूद उन्हें घंटों तक पार्लर में अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा। करवाचौथ पर पार्लर व सैलून संचालिकाओं ने सुहागिनों के लिए क्लीनिंग से फेशियल, हेयर ट्रीटमेंट से पॉलिशिंग के स्पेशल पैकेज रखे थे, ये सभी पैकेज महिलाओं की पसंद एवं जरूरत के अनुसार रहे। इसके अलावा काफी महिलाओं ने पहले ही दिन मेकअप व हेयर सेट करवाएं, ताकि करवाचौथ के दिन भीड़-भाड़ की परेशानी का सामना ही न करना पड़े। वहीं पार्लरों में महिलाओं ने समय निर्धारित कर एडवांस बुकिंग करवाई थी, इसके बावजूद उन्हें इंतजार करना पड़ा।

बहल की महिलाओं ने करवा चौथ रखा व्रत



बहल। पति की लंबी उम्र और सुखी दांपत्य जीवन की कामना के साथ कस्बे में महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रखा। सुहागिनों ने दिनभर उपवास रखकर पति के प्रति प्रेम, समर्पण और अटूट विश्वास का प्रतीक बने इस पर्व को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। शाम को महिलाओं ने करवा चौथ की कथा सुनी और दान-दक्षिणा देकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। करवा चौथ को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने सोलह शृंगार कर पर्व की परंपराओं का निर्वहन किया। हाथों में मेहंदी रचाई और पूजा की तैयारियां कीं। दिनभर अन्न का त्याग कर महिलाओं ने विधि-विधान से व्रत रखा। शाम को पूजा-अर्चना कर करवा चौथ की कथा सुनी और बड़ों का आशीर्वाद लिया। रात को चंद्रमा के दर्शन और अर्घ्य देने के बाद महिलाओं ने पति के हाथों से जल ग्रहण कर व्रत खोला।



भिवानी। मंदिर में सुहागिनों को कथा सुनाते हुए।

दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में सुहागिनों ने की पूजा-अर्चना

- उर्मिला सैनी ने पति की लंबी आयु और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए व्रत रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

कोंट रोड, मिनी बाईपास, काली माता मंदिर रोड पर स्थित दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में करवा चौथ के पावन अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा कर अपने पति की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य तथा परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में धार्मिक माहौल बना रहा और महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार व्रत की पूजा संपन्न की।

मंदिर की प्रबंधक उर्मिला सैनी ने करवा चौथ की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि करवा चौथ भारतीय संस्कृति और पारिवारिक परंपराओं से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व पति-पत्नी के बीच प्रेम, विश्वास, समर्पण और आपसी सम्मान की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में त्योहार केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं हैं, बल्कि ये परिवार और समाज को आपस में जोड़ने का भी कार्य करते हैं। उर्मिला सैनी ने कहा कि मां भगवती सभी सुहागिन महिलाओं के सुहाग की रक्षा करें और प्रत्येक परिवार में सुख, शांति, खुशहाली तथा आपसी प्रेम बनाए रखें। उन्होंने महिलाओं से त्योहारों को श्रद्धा, सादगी और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि करवा चौथ का व्रत महिलाओं की आस्था, धैर्य और परिवार के प्रति समर्पण की भावना को दर्शाता है।

श्रीमद्भागवत जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्गदर्शक

धरती पर अधर्म बढ़ने से भगवान लेते हैं अवतार : स्वामी ब्रह्माश्रम

- भगवान के अवतारों का उद्देश्य अन्याय का अंत करना, धर्म की रक्षा करना और समाज को सदाचार की राह दिखाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



चरखी दादरी। श्रीमद्भागवत कथा सुनाते दंडी स्वामी ब्रह्माश्रम।

भागवत मर्मज्ञ एवं व्यासपीठासीन दंडी स्वामी ब्रह्माश्रम, विश्वनाथ धाम ने कहा कि जब-जब धरती पर अधर्म, अत्याचार और अनाचार बढ़ता है, तब-तब भगवान अवतार लेकर धर्म की स्थापना और मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करते हैं। भगवान के अवतारों का उद्देश्य अन्याय का अंत करना, धर्म की रक्षा करना और समाज को सदाचार की राह दिखाना है। वे दादरी नगर की अग्रसेन धर्मशाला परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह महायज्ञ में श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने श्रीमद्भागवत के प्रसंगों के माध्यम से धर्म, दर्शन और जीवन मूल्यों की सरल व्याख्या की। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्गदर्शक भी है। इसमें व्यक्ति के नैतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक जीवन के लिए महत्वपूर्ण संदेश समाहित हैं। स्वामी ब्रह्माश्रम ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं प्रेम, करुणा, कर्तव्यबोध और धर्म के प्रति निष्ठा की प्रेरणा देती हैं। भगवान के विभिन्न अवतार यह संदेश देते हैं कि अन्याय और अहंकार चाहे कितने ही शक्तिशाली हों, अंततः सत्य और धर्म की महत्ता सर्वोपरि रहती है। उन्होंने कहा कि धर्म का अर्थ पूजा-पाठ और कर्मकांड तक सीमित नहीं है। सत्य बोलना, जरूरतमंदों की सहायता करना, बड़ों का सम्मान करना, दूसरों के प्रति सद्भाव रखना और अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना भी धर्म के महत्वपूर्ण अंग हैं।

भक्तों को महिषासुर और रक्तबीज वध की कथा सुनाई



भिवानी। श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा सुनाते कथा व्यास पंडित बृजमोहन कौशिक।

भिवानी। दीपावली पर्व के उपलक्ष्य पर जीतूवाला जोहड़ स्थित श्रद्धा व आस्था के केंद्र सिद्धपीठ काली देवी शिव मंदिर में नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण का धार्मिक अनुष्ठान इन दिनों पूरी भव्यता एवं श्रद्धा के साथ जारी है।

आयोजक रमेश शर्मा व रविंद्र यादव ने बताया कि आध्यात्मिक अनुष्ठान में कथा के आचार्य की भूमिका प्रदीप भारद्वाज निभा रहे हैं। कथा श्रवण करने के लिए विशेष रूप से बालाजी धाम मानहेरू के महंत हरिबिलास पधारे, जिन्होंने उपस्थित सभी भक्तों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इस दौरान तन्नु, प्रिया कथावाचक और पंडित दिनेश शर्मा खरकड़ी वाले ने अपनी मधुर वाणी से भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। कथा व्यास पंडित बृजमोहन कौशिक ने श्रद्धालुओं को मां शक्ति के विभिन्न स्वरूपों और उनके द्वारा किए गए चमत्कारों का विस्तृत वर्णन किया।

शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना दी

भाजपा सरकार में किसान, मजदूर युवा और व्यापारी परेशान : डॉ. अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



चरखी दादरी। शोक जताने पहुंचे डॉ. अजय सिंह चौटाला। फोटो : हरिभूमि

जननायक जनता पार्टी के संस्थापक डॉ. अजय सिंह चौटाला ने वीरवार को गांव आदमपुर डाढी, दगड़ोली, मांढी हरिया, हड़ौदा, जीतपुरा, आर्यनगर और गोबिंदपुरा गांवों का दौरा कर शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना दी। इस दौरान उन्होंने व्यक्त करने पहुंचे। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाया और दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े रहने का भरोसा दिया। डॉ. अजय चौटाला ने कहा कि मंडियों में बारिश से फसल भीग रही है और किसानों को बाजरे का उचित मूल्य नहीं मिल रहा। उन्होंने कहा कि बाजरे का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,930 रुपये प्रति क्विंटल होने के बावजूद कई किसानों को बिचौलियों के माध्यम से कम दाम पर फसल बेचनी पड़ रही है। इस अवसर पर किसान सेल प्रदेश अध्यक्ष नरेश द्वारका, जिलाध्यक्ष एवं जिला पार्षद रविंद्र चरखी, जिला प्रभारी ऋषिपाल उमरवास, विजय काकड़ोली, राकेश कलकल, जिला प्रवक्ता राजेंद्र हूई, सज्जन बलाली, दीपेश कारी, धर्मराज फोगाट आदि मौजूद रहे।

समाधान शिविर में एसडीएम सांगवान ने सुनीं समस्याएं

- अधिकारियों को शिकायतों का प्राथमिकता आधार पर समाधान करने के निर्देश



समाधान शिविर में लोगों की समस्याए सुनते एसडीएम आशीष सांगवान।

बाढ़ड़ा। बाढ़ड़ा के एसडीएम आशीष सांगवान ने वीरवार को अपने कार्यालय में समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम सांगवान ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना राज्य सरकार और प्रशासन की प्राथमिकता है।

समाधान शिविरों का उद्देश्य नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एक ही स्थान पर सुविधाजनक व्यवस्था उपलब्ध करवाना है, ताकि लोगों को अपनी शिकायतों के निवारण के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लें और संबंधित मामलों में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी आमजन की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता बरतें और शिकायतों के निपटान में किसी प्रकार की लापरवाही न करें। एसडीएम ने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि नागरिकों को पारदर्शी, जवाबदेह और सुगम व्यवस्था उपलब्ध हो।

लोगों का जीवन स्तर सुधारना धर्मसेना का उद्देश्यः मोहित

धर्मसेना के अध्यक्ष मोहित चौधरी ने गांवों का किया दौरा, सुनीं लोगों की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह के सुपुत्र एवं धर्म सेना (न्यास) के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहित चौधरी ने वीरवार को विभिन्न गांवों का दौरा किया। चौधरी ने ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया और उनकी समस्याएं सुनी तथा जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

मोहित चौधरी ने अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान छापड़ा सालिमपुर, सराय, सुरानी, कुंजपुरा, श्यामपुरा, बाछोद, मिर्जापुर, भीलवाड़ा, ताजपुर, फतनी, तोबड़ा और खोड़ आदि गांवों का दौरा किया। ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

मोहित नें कहा कि धर्म सेना का मुख्य उद्देश्य प्रत्येकजन के समक्ष आ रही समस्याओं का समाधान करवाकर उनका जीवन आसान बनाना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों द्वारा बताई जा रही विभिन्न समस्याओं को वे अपने पिता सांसद धर्मबीर सिंह के संज्ञान में लाएंगे तथा जल्द उनका समाधान भी करवाएंगे। जनसंपर्क अभियान के दौरान मोहित चौधरी ने ग्रामीणों को 30 अक्तूबर को भिवानी के भीम स्टेडियम में होने वाले प्रदेश स्तरीय खिलाड़ी सम्मान समारोह में शामिल होने का औपचारिक निमंत्रण भी दिया। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय समारोह में सीएम शिरकत करेंगे और एशियन एवं पैरा एशियन खेलों में देश और प्रदेश का नाम रोशन करने वाले कुल 125 मेधावी खिलाड़ियों को 185 करोड़ रुपये की भारी-भरकम नकद पुरस्कार राशि से सम्मानित करेंगे।

कानूनी अभिभावकता के मामलों का शीघ्र निपटारा करें : डीसी

भिवानी। सरकार के सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग ने दिव्यांगजनों के लिए राष्ट्रीय न्यास अधिनियम, 1999 के तहत कानूनी अभिभावकता के प्रावधानों को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश जारी किए हैं। डीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि विभाग के निर्देशों के अनुसार जिले में स्थानीय स्तरीय समिति की कार्यप्रणाली की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा करेंगे। साथ ही, पात्र मामलों की पहचान कर उन्हें शीघ्र निपटाने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। कानूनी अभिभावक की अनुपस्थिति में दिव्यांगजनों और उनके परिवारों को चिकित्सा सेवाओं, बैंक खातों, पेंशन, संपत्ति संबंधी निर्णयों तथा संस्थागत सहायता प्राप्त करने में कठिनाइयों का सामना करना ना पड़े।

न्यूज डायरी

स्वर्ण पदक विजेता देवेंद्र श्योराण को किया सम्मानित



बाढ़ड़ा। पैरा एशियाई स्वर्ण पदक विजेता देवेंद्र श्योराण को समानित करते अतिथि।

बाढ़ड़ा। जापान में हुई पैरा एशियाई खेलों में डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर देश और प्रदेश का नाम रोशन करने वाले गांव किष्कंधा निवासी देवेंद्र श्योराण को इनेलो हलका बाढ़ड़ा की ओर से सम्मानित किया। इनेलो हलका अध्यक्ष आर्य उद्यम सिंह उमरवास ने देवेंद्र श्योराण को सम्मानित करते हुए उनकी शानदार उपलब्धि पर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आर्य उद्यम सिंह ने कहा कि देवेंद्र श्योराण ने अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ इच्छाशक्ति के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक हासिल कर पूरे देश और हरियाणा का गौरव बढ़ाया है। देवेंद्र की सफलता क्षेत्र के युवाओं को खेलों में आगे बढ़ने और चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा देगी। उन्होंने कहा कि इनेलो सुप्रीमो चौधरी अभय सिंह चौटाला हमेशा खिलाड़ियों, युवाओं और ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के पक्षधर रहे हैं। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय ओमप्रकाश चौटाला ने अपने राजनीतिक जीवन में ग्रामीण विकास, किसानों, युवाओं और खिलाड़ियों के हितों को प्राथमिकता दी।

अधिकारी शिकायत को गंभीरता से लें: उपायुक्त

भिवानी। डीसी साहिल गुप्ता ने लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए सभागार में वीरवार को समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों को सुना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की शिकायत को गंभीरता से लेकर शीघ्र उचित कार्रवाई करें। उन्होंने मौके पर चार समस्याओं का समाधान किया। शिविर में गांव झरवाई की सरपंच कमला देवी ने एससी चौपाल के पास बिजली पोल व तारों को दुरूस्त करवाने, स्थानीय दादरी गेट निवासी विशंबर दयाल ने सीवर मैनहोल की मरम्मत और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने, शांति नगर निवासी कप्तान महेश चंद्र ने ध्वनि प्रदूषण को रुकवाने, तिगड़ाना निवासी स्नेह लता ने अलग प्रॉपर्टी आईडी बनवाने और इंतकाल करवाने, सतबीर ने लंबित वृद्धावस्था पेंशन दिलवाने, दर्शना देवी और जगवीर ने बुढ़ापा पेंशन बनवाने की शिकायत रखी।

दिल्ली रैली में पहुंचेंगे हजारों कार्यकर्ता : अनीता

तोशाम। जिप चेयरपर्सन अनीता मलिक और क्रेशर एसोसिएशन खानक के पूर्व प्रधान कृष्ण मलिक ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली 'वोट बचाओ, देश बचाओ' महारैली ऐतिहासिक होगी। महारैली की तैयारियों को लेकर बुधवार को सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के निवास स्थान पर चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई, जिसमें उन्होंने भी भाग लिया। अनीता मलिक ने कहा कि देश में लोकतंत्र की रक्षा करने और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हाथ मजबूत करने के लिए हरियाणा से लाखों कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली के रामलीला मैदान पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि इस महारैली को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है और भिवानी जिले से भी हजारों की संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे।

एक नवंबर को दिल्ली कूच करेंगे लोग : माकपा

भिवानी। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) जिला कमेटी की ओर से एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली इंडिया गठबंधन की रैली की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। पार्टी के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश, सचिव मण्डल सदस्य सुखदेव पालुवास, कामरेड अनिल कुमार, करतार ग्रेवाल व मास्टर जगरोशन ने विभिन्न गांवों का दौरा कर लोगों से रैली में भारी संख्या में शामिल होने की अपील की है। पार्टी नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार और चुनाव आयोग द्वारा चलाई जा रही एसआईआर प्रक्रिया के माध्यम से लोगों के मताधिकार पर हमला किया जा रहा है। संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत प्राप्त मतदान के अधिकार को सुरक्षित रखना जरूरी है।

सैनी कल्याण परिषद ने चेयरमैन सतीश सैनी से की मुलाकात

भिवानी। हरियाणा लोक सेवा आयोग (एचपीएससी) के नवनियुक्त चेयरमैन सतीश सैनी ने पंचकूला स्थित एचपीएससी भवन में अपने कार्यालय का कार्यभार संभाला। वीरवार को सैनी कल्याण परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने उनके कार्यालय पहुंचकर उनसे सौहार्दपूर्ण मुलाकात की और उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी। मुलाकात के दौरान परिषद के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त चेयरमैन सतीश सैनी को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

इस शिष्टाचार भेंट में रिटायर्ड तहसीलदार ईश्वर सिंह सैनी, शिक्षाविद्ध राजकुमार सैनी, उपप्रधान ओमप्रकाश सैनी व नरेश सैनी विशेष रूप से मौजूद रहे।

ई-रवाना पोर्टल नहीं चलने के कारण कच्चे माल की प्रोडक्शन घटी

खानक माइंस में 20 दिन से पोर्टल बंद, हजारों लोगों के सामने पैदा हुआ रोजी-रोटी का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम



तोशाम। आयोजित बैठक में उपस्थित खनन से जुड़े अधिकारी।

खानक माइंस में पिछले लगभग 20 दिनों से ई-रवाना पोर्टल के लगातार सही ढंग से काम नहीं करने के कारण खनन उद्योग, क्रशर मालिकों, ट्रांसपोर्टरों, श्रमिकों और इस व्यवसाय पर निर्भर हजारों परिवारों के सामने गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। वही क्रेशर व रोड़ी के 200 रुपये प्रति टन रेट बढ़ गए हैं।

ईरवाना ना चलने के कारण कच्चे माल की प्रोडक्शन कम हो गई है जिसके कारण क्रेशर मालिकों को पत्थर नहीं मिल पा रहा है। इससे सरकार को भी हर रोज करोडो रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। इसको लेकर क्रेशर मालिको ने वीरवार को एसडीएम से मिलकर ज्ञापन सौंपा। इस समस्या के संबंध में क्रशर मालिकों और खनन टीम द्वारा एचएसआईआईडीसी के अधिकारियों को कई बार लिखित शिकायतें दी गई हैं। इसके अलावा, ईमेल के माध्यम से भी लगातार शिकायतें भेजी गई हैं। हाल ही में इस मामले को मैनेजिंग डायरेक्टर के संज्ञान में भी ईमेल के माध्यम से लाया गया।

इसके बावजूद भी अब तक कोई संतोषजनक जवाब या प्रभावी सुधारात्मक कार्रवाई नहीं की गई है। पोर्टल में लगातार धीमी गति और तकनीकी समस्याएं बनी हुई हैं, जिससे खनन एवं डिस्पैच गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। खानक माइंस से 200 से अधिक क्रशर यूनिट और लगभग 4 हजार डंपर मालिक, चालक, ऑपरेटर एवं अन्य संबंधित कर्मचारी जुड़े हुए हैं। खनन कर्मचारियों, सहायक स्टाफ, छोटे व्यापारियों, चाय विक्रेताओं और अन्य संबंधित व्यवसायों को मिलाकर लगभग 20 हजार लोगों के प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होने का अनुमान है। ई-रवाना पोर्टल की लगातार समस्याओं के कारण डिस्पैच कार्य प्रभावित हो रहा है, व्यापारिक गतिविधियों में कमी आ रही है और संबंधित हितधारकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है

खबर संक्षेप

डिवाइडर हटाकर दो जगह खोले रास्ते, मिली राहत

बहल। कस्बे में बस स्टैंड से लेकर ऑटो मार्केट तक पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से सड़क के बीच डिवाइडर लगाए गए थे। डिवाइडर के बीच कट नहीं होने के कारण कस्बे के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। खासकर मंडी और गांव के अंदर जाने वाले रास्तों पर आवागमन में दिक्कत आ रही थी। वहीं, भिवानी की ओर जाने वाले वाहन चालकों को बस स्टैंड से घूमकर जाना पड़ता था, जिससे उन्हें लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा था। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए डिवाइडर के बीच रास्ता खोलने की मांग उठाई गई थी। इसके बाद ग्रामीणों की मांग पर पीडब्ल्यूडी विभाग के उच्च अधिकारियों ने मंडी और कस्बे की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग के सामने से डिवाइडर हटाने के आदेश दिए।

विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

भिवानी। डीसी साहिल गुप्ता के मार्गदर्शन में स्थानीय जिला बाल कल्याण परिषद परिसर में आयोजित बाल महोत्सव-2026 के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बाल कल्याण अधिकारी गौरव रोहिल्ला ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बाल महोत्सव बच्चों की प्रतिभा निखारने, आत्मविश्वास बढ़ाने और उनकी रचनात्मक एवं सांस्कृतिक क्षमताओं को प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण मंच है।

हल्की ठंड होने लगी महसूस, रबी फसलों की बिजाई पकड़ेगी जोर

हल्की बूंदाबांदी के बाद लोगों को होने लगा ठंड का अहसास, लुढ़का पारा

अब से पहले पारा रबी फसलों की बिजाई के अनुकुल नहीं था

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। मौसम का मिजाज बदलने के बाद आसमान में छाई काली घटाए।

पिछले कई दिनों से मौसम में शुष्क रहने के बाद गुरुवार को एकदम करवट बदली। आसमान में काली घटाए छा गई। हल्की बूंदाबांदी ने पारे को चार डिग्री सेल्सियस तक नीचे लुढ़का दिया। हालांकि बीच बीच में चटक धूप निकलने की वजह से पारा ज्यादा नीचे नही गया,लेकिन फुव्वारों ने पारे का गुरुर तोड़े रखा। दिनभर काली घटाए छाने तथा हल्की बूंदाबांदी के बाद लोगों को हल्की ठंड का अहसास होने लगा।

दूसरी तरफ पारा एकदम नीचे आने की वजह से रबी फसलों की बिजाई तेजी पकड़ने के आसार बन गए है। चूंकि अभी तक पारा 32 डिग्री सेल्सियस के आसपास था। आज बूंदाबादी के बाद 28 डिग्री सेल्सियस पर आया है। अचानक सुबह सवेरे एकदम मौसम का मिजाज बदल गया। पहले हल्के बादल आसमान में एकत्रित हो गए और उसके कुछ देर बाद काली घटाए आसमान में छा गई। धीमी गति से हवा बहने लगी। जिस वजह से पारा 32 डिग्री सेल्सियस से एकदम 28 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। जिससे लोगों को ठंड का अहसास होने लगा। इस दौरान बीच बीच में धूप खिली। जिससे पारा ज्यादा नीचे नहीं आ पाया। पर इतना नीचे आने के बाद भी रबी की फसलों की बिजाई ने तेजी पकड़ने के आसार बन गए है। चूंकि अब से पहले पारा रबी फसलों की बिजाई के अनुकुल नहीं था। जिसके चलते किसान रबी की फसलों की बिजाई में देरी कर रहे थे। पारा नीचे आने से किसान जल्द ही रबी फसलों की बिजाई में तेजी लाएंगे।

देर शाम तक रहा इसी तरह का मौसम

सुबह सवेरे मौसम का मिजाज बदल गया। लोगों को लगा कि कुछ देर बाद आसमान से बादल छंट जाएंगे,लेकिन बादलों की गहनता बढ़ने लगी। करीब दस बजे आसमान से हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई। कभी बूंद गिरी तो कभी एकदम विराम लगा। धीमी गति से हवा चलने की वजह से पारा एकदम नीचे गोता खाने लगा। सुबह से लेकर शाम तक इसी तरह का मौसम बना रहा। बीच बीच में धूप खिली,लेकिन बादलवाई व धीमी गति से चल रही हवा ने पारे के गुरुर को पूरी तरह से तोड़ दिया।

बूंदाबांदी से बढ़ी ठंड, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत

चरखी दादरी। जिले में वीरवार को मौसम में आए बदलाव के चलते ठंड का असर बढ़ गया। सुबह और दोपहर के समय हुई हल्की बूंदाबांदी तथा ठंडी हवाओं से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। आसमान में बादल छाए रहने के कारण दिनभर मौसम ठंडा बना रहा और लोगों को गुलाबी ठंड का अहसास हुआ। मौसम में अचानक आए इस बदलाव के साथ ही सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार जैसी मौसमी बीमारियों का खतरा भी बढ़ने लगा है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने आमजन को सावधानी बरतने की सलाह दी है। वीरवार को बूंदाबांदी के कारण दिन के तापमान में गिरावट देखने को मिली। अधिकतम तापमान में करीब एक डिग्री सेल्सियस की कमी दर्ज की गई। ठंडी हवाओं के चलने और धूप नहीं निकलने से दिन के समय भी लोगों को ठिठुरन महसूस हुई। दूसरी ओर बादलों की मौजूदगी के कारण रात के न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई। मौसम के इस उतार-चढ़ाव से सुबह और शाम के समय ठंड का असर अधिक महसूस होने लगा है। मौसम में बदलाव के दौरान शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित हो सकती है। ऐसे में बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से बचने के लिए मौसम के अनुसार कपड़े पहनने, ठंडी हवाओं से बचाव करने और खानपान पर ध्यान देने की सलाह दी गई है। सर्दी, खांसी, जुकाम या बुखार के लक्षण दिखाई देने पर लापरवाही करने के बजाय चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, आने वाले दिनों में ठंडी हवाओं का सिलसिला जारी रहने पर रात के तापमान में और गिरावट आ सकती है। इससे जिले में ठंड का असर बढ़ने की संभावना है। ऐसे में लोगों को बदलते मौसम के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है।



खबर संक्षेप



पूर्व सांसद कैलाशो सैनी का किया स्वागत

चरखी दादरी। जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में कुरुक्षेत्र की पूर्व सांसद एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से नियुक्त 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान की जिला प्रभारी कैलाशो सैनी का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली महारैली की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। कैलाशो सैनी ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान की मजबूती के लिए मताधिकार की रक्षा जरूरी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव तक अभियान का संदेश पहुंचाने और आपसी तालमेल से महारैली को लेकर जनसंपर्क करने की अपील की।



मुएथाई टीम ने दूसरी बार जीती विजेता ट्रॉफी

भिवानी। जम्मू विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स हॉल में 23 से 25 अक्टूबर 2026 तक आयोजित नॉर्थ जोन मुए थाई चैंपियनशिप में हरियाणा मुए थाई टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार दूसरी बार ओवरऑल विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। हरियाणा की टीम ने कुल 34 स्वर्ण, 19 रजत और 9 कांस्य पदक जीतकर प्रथम स्थान हासिल किया और प्रदेश का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में हरियाणा मुएथाई टीम के 67 खिलाड़ियों सहित महिला एवं पुरुष कोच, मैनेजर, तीन तकनीकी अधिकारी तथा चीफ दा मिशन एवं महासचिव सोमबीर वशिष्ठ समेत कुल 75 सदस्यीय दल ने भाग लिया। खिलाड़ियों ने अपने-अपने भार वर्ग में बेहतरीन खेल कौशल, मेहनत और अनुशासन का परिचय देते हुए अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। मुएथाई खेल संघ-हरियाणा के महासचिव सोमबीर वशिष्ठ ने बताया कि हरियाणा के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर प्रदेश को गौरवान्वित किया है।

छात्राओं को पॉक्सो एक्ट की जानकारी दी



बवानीखेड़ा। कस्बा के राजकीय मॉडल संस्कृति वमा विद्यालय बवानीखेड़ा में लीगल लिटरेसी क्लब के नोडल ऑफिसर राजेंद्र कुमार के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं के लिए कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में पूर्व पार्षद एवं कानूनी सलाहकार एडवोकेट मीना चोपड़ा ने शिरकत की। उन्होंने उपस्थित छात्राओं को पोक्सो एक्ट के प्रावधानों, अधिकारों तथा आत्म-सुरक्षा के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। एडवोकेट मीना चौपड़ा ने बताया कि कानून बच्चों की सुरक्षा के लिए है और जरूरत पड़ने पर कैसे मदद लें, इसकी जानकारी सभी को होनी आवश्यक हैं। विद्यालय के राजनीति विज्ञान के प्रवक्ता राजेंद्र गोरी ने विद्यार्थियों को जीवन में सफलता के सूत्र, अच्छे मैनर्स, अनुशासन और पढ़ाई में निरंतरता के महत्व पर प्रेरक उदाहरणों के साथ संबोधित किया। विशेष घूमन्तू जाति के लिए बच्चे के स्कूल के संचालक सैलेन्द्र एवं हरियाणा जागृति मोर्चा के अध्यक्ष एडवोकेट राजेश सिंधू ने भी बच्चों को संबोधित किया।

बहल में बनेगा राजस्व आवास

बहल। कस्बे की उपतहसील में राजस्व आवास के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। प्रदेश सरकार ने भवन निर्माण के लिए 5 करोड़ 71 लाख 80 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति और बजट मंजूर कर दिया है। इससे उपतहसील स्तर पर राजस्व विभाग के आवासीय भवन के निर्माण से सुविधा का इजाफा होगा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से 28 अक्टूबर को जारी पत्र के अनुसार, भिवानी जिले की बहल उपतहसील में राजस्व आवास के निर्माण के लिए यह राशि स्वीकृत की गई है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सड़क शाखा) के मुख्य अभियंता को पत्र भेजा गया है। पत्र में लिखा गया है कि निर्माण पर होने वाला खर्च वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विभाग के स्वीकृत योजना बजट से वहन किया जाएगा। साथ ही विभाग की निर्धारित बजट सीमा का पालन करना होगा।

महेंद्रगढ़ रैली के लिए जजपा ने लगाई ड्यूटी

चरखी दादरी। जननायक जनता पार्टी की ओर से छह दिसंबर को महेंद्रगढ़ में आयोजित होने वाली स्थापना दिवस रैली की तैयारियों को लेकर पार्टी हाईकमान ने विभिन्न नेताओं और पदाधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। पूर्व विधायक नैना चौटाला को बाढड़ा हलके का प्रभारी बनाया गया है। पूर्व विधायक राजदीप फोगाट को तोशाम, किसान सेल के प्रदेश अध्यक्ष नरेश द्वारका को महेंद्रगढ़ तथा सज्जन बलाली को नलवा और बेरी हलकों की जिम्मेदारी सौंपी। नियुक्तियों पर जजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने पार्टी हाईकमान का आभार जताया। उन्होंने जजपा संस्थापक डॉ. अजय सिंह चौटाला, पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा, युवा जजपा अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला और राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लितानी का धन्यवाद किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि नैना चौटाला को बाढड़ा हलके का प्रभारी बनाए जाने से क्षेत्र में पार्टी संगठन को मजबूती मिलेगी।

चिरायु स्वास्थ्य योजना का होगा विस्तार

चरखी दादरी। प्रदेश सरकार एक नवंबर हरियाणा दिवस से चिरायु स्वास्थ्य योजना का विस्तार करने जा रही है। इसके तहत तीन लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय वाले पात्र परिवार भी निर्धारित अंशदान देकर प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का कैशलेस अस्पताल उपचार प्राप्त कर सकेंगे। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि तीन लाख रुपये से अधिक और छह लाख रुपये तक की सत्यापित वार्षिक आय वाले परिवारों को सालाना 4,000 रुपये, जबकि छह लाख रुपये से अधिक आय वाले परिवारों को 5,000 रुपये का अंशदान देना होगा। पात्रता का सत्यापन परिवार पहचान पत्र के माध्यम से किया जाएगा। लाभार्थी पैनलबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों में उपचार करवा सकेंगे। योजना के तहत सर्जरी, चिकित्सा उपचार, डे-केयर प्रक्रियाओं, आवश्यक दवाओं और जांचों का खर्च निर्धारित पैकेज के अनुसार कवर होगा। पहले से मौजूद बीमारियां भी योजना में शामिल हैं। अस्पताल में भर्ती होने से तीन दिन पहले तक की जांच और छुट्टी के बाद 15 दिन तक के निर्धारित चिकित्सा खर्च का भी प्रावधान है।



भिवानी। नागालैंड वाद्यवृद की सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देते हुए।

नागालैंड वाद्य वृंद की प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

सीबीएलयू भिवानी एवं उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र,प्रयागराज संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में कुलगुरु प्रो दीप्ति धर्माणी के दिशा निर्देशन में नागालैंड वाद्य वृंद - डिवाइन कनेक्शन रॉक बैंड, श्री ओबेद काठ, नागालैंड द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो भावना शर्मा की गरिमामय उपस्थिति रही। विवि में आज नागालैंड की पारंपरिक लोक-धुनों और रॉक संगीत के समन्वय पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्तर-पूर्वी लोक-फ्यूज़न की इस प्रस्तुति ने छात्रों एवं शिक्षकों को अत्यंत प्रभावित किया। नागालैंड वाद्य वृंद ने अपनी लोक-धुनों को आधुनिक रॉक फ्यूज़न के साथ प्रस्तुत कर सांस्कृतिक आदान-प्रदान को सशक्त किया। डिवाइन कनेक्शन अपने गीतों के जरिए बिना ड्रग्स, अल्कोहल या हिंसा के एक सकारात्मक जीवनशैली जीने का संदेश देने के लिए जाना जाता है। श्रोताओं ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि सराहना की और इसे प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो भावना शर्मा ने कहा कि कहा कि भारत की संस्कृति विश्व मे अनूठी है। भारत विविधता में एकता के कारण ही विश्व पटल पर अपनी अलग पहचान रखता है।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर हरियाणा कला परिषद से स्टेट कॉर्डिनेटर रविंद्र श्योराण, एनसीजेडसीसी प्रयागराज से कॉर्डिनेटर मंथन,पूर्व प्राचार्य डॉ शमशेर अहलावत, पूर्व प्राचार्य डॉ सत्यवीर सिंह,डॉ अश्वनी शर्मा,डॉ जितेंद्र,वीएम बेचैन,रविंद्र शर्मा सहित अनेक कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

दादरी में एक नवंबर से शुरू होगा साझा बाजार

- पुराना बस स्टैंड के समीप नप ने तैयार किया बाजार, महिला उद्यमियों को उत्पाद बेचने को मिलेगी बेहतर जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



चरखी दादरी। पुराना बस स्टैंड के समीप रखे गए पोर्टा केबिन।

शहर में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनके उत्पादों की बिक्री के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में नगर परिषद ने पहल की है। दादरी के पुराना बस स्टैंड के समीप नगर परिषद की ओर से सांझा बाजार तैयार किया गया है। यहां राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत महिलाओं द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूहों को पांच पोर्टा केबिन अलॉट किए गए हैं।

इस बाजार की शुरुआत एक नवंबर को हरियाणा दिवस के अवसर पर की जाएगी। मुख्य बाजार के समीप जगह मिलने से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को अपने उत्पाद बेचने के लिए उपयुक्त स्थान मिलेगा और उन्हें ग्राहकों तक पहुंच बनाने में भी सहूलियत होगी।सांझा बाजार का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ना, उनकी आमदनी बढ़ाने के अवसर उपलब्ध कराना और स्थानीय स्तर पर महिला उद्यमिता को प्रोत्साहित करना है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार कर उनकी बिक्री करती हैं। ऐसे में उन्हें एक निश्चित स्थान उपलब्ध होने से अपने काम को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। बाजार में लोगों की आवाजाही का लाभ भी समूहों को मिलने की उम्मीद है। नगर परिषद चेयरमैन बक्शीराम सैनी ने बताया कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह व्यवस्था की गई है।

मिलेंगी सुविधाएं

चेयरमैन बक्शीराम सैनी ने कहा कि महिलाओं को अपने उत्पादों की बिक्री के लिए उचित स्थान उपलब्ध करवाना उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सांझा बाजार के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों का प्रदर्शन करने और सीधे ग्राहकों तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। महिलाओं के रोजगार को बढ़ावा मिलने के साथ उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि नगर परिषद का प्रयास है कि स्वयं सहायता समूहों को ऐसी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं, जिनसे वे अपने काम का विस्तार कर सकें। नगर परिषद की ओर से कुल 10 पोर्टा केबिन मंगवाए गए हैं। इनमें से पांच केबिन राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत शहरी क्षेत्र की महिलाओं द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूहों को अलॉट किए गए हैं।

काश! हर रोज सीएम भिवानी में आते

भिवानी। शुक्रवार को एशियन गेम्स के पदक विजेताओं के सम्मान समारोह को लेकर पूरी तरह से शहर सज गया। सम्मान समारोह स्थल को दुल्हन की तरह सजाया गया। दूसरी तरफ शहर की जर्जर सड़कों में बने गड्ढों पर पेचवर्क करके चलने लायक बनाया गया। चूंकि अनेक जगहों पर सड़कों में गड्ढे बने हुए थे। सड़के चलनेलायक नहीं थी। इसी तरह शहर के सरकूलर रोड के अलावा भीम स्टेडियम की सफाई करके स्वच्छ बनाया गया। सड़क किनारे पड़ी मिट्टी को उठाकर ट्रक्टर ट्राली में डाला गया। सीएम के आगमन को लेकर पूरे शहर को साफ व सूथरा किया गया। उल्लेखनीय है कि 30 अक्तूबर को भिवानी में सम्मान समारोह आयोजित करके ऐशियन गेम्स के पदक विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान सीएम नायब सिंह सेनी के अलावा केंद्रीय खेलमंत्री डॉ मनसुख माडविया भी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान सरकार के अनेक मंत्री भी उपस्थित रहेंगे। उक्त सम्मान समारोह के सफल आयोजन के लिए शहर की सड़कों को साफ व सूथरा किया गया है। शहर के जिस भी इलाके में जर्जर सड़क थी। उस इलाके की सभी जर्जर सड़कों को दुरुस्त किया गया।





जूडो सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि जीवन जीने का तरीका : अजीत बामला

भिवानी। भीम स्टेडियम में जिला जूडो एसोसिएशन के तत्वावधान में वर्ल्ड जूडो डे पर कार्यक्रम का आयोजन किया। एसो. के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत बामला की अध्यक्षता में हुए समारोह में जूडो खेल से जुड़ी कई जानी-मानी हस्तियां व खेलप्रेमी शामिल हुए। अजीत ने कहा कि जूडो के संस्थापक जिगोरो कानो के जन्मदिवस पर विशेष दिन को मनाया जाता है। जापानी भाषा में जूडो का शाब्दिक अर्थ सौम्य मार्ग है, यह केवल युद्धकला या मुकाबला करने का खेल नहीं है, बल्कि ये शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक अनुशासन का एक बेहतरीन मिश्रण है। उन्होंने कहा कि जूडो सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि जीवन जीने का तरीका है। यह हमें गिरकर दोबारा खड़े होना और हर चुनौती का सामना मुस्कुराते हुए करना सिखाता है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने जूडो खेल के इतिहास, अनुशासन और इसके जरिए युवाओं के शारीरिक व मानसिक विकास पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर खेल जगत की कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं, जिनमें जूडो कोच मुकेश कुमारी, कुसुम कुमारी, बीएसएफ जूडो कोच बंसीलाल, मीना कुमारी, इंटरनेशनल जूडो खिलाड़ी दीपक ओहल्यान व नेशनल जूडो कोच नवीन सोलंकी प्रमुख रूप से शामिल रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295154800, 8814999151, 9253681005, 8295157800



मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2000/- रु. 2500/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

नपा प्रधान बोले-जल्द लेंगे सुध, होगा नवीनीकरण, शाम ढलते ही यह क्षेत्र पूरी तरह हो जाता है वीरान

तीन करोड़ खर्च के बाद भी झील 'डरावना जंगल' बनी

दीपक कुमार डुमड़ा ⏭ बवानीखेड़ा



बवानीखेड़ा। झील पर उगे झाड़- झंखाड़। फोटो: हरिभूमि

बवानीखेड़ा में स्थित बाबा कमाल मंदिर के साथ लगती झील, जिस पर लगभग तीन करोड़ रुपये की लागत से सौंदर्यीकरण और विकास कार्य करवाए गए थे, आज बदहाली का शिकार होकर "डरावना जंगल" बन चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लाखों-करोड़ों रुपये खर्च करने के बावजूद प्रशासन इस झील की देखरेख करने में पूरी तरह विफल रहा है। जिस झील को पर्यटन स्थल का दर्जा दिए जानें की बात कही जाती थी वहां के हालात देखने पश्चात लोग डरने लगे हैं। शहरवासियों और श्रद्धालुओं का कहना है कि झील के आसपास अब घनी झाड़ियां, सरकंडे उग आए हैं, जिससे यह स्थान सुनसान और भयावह नजर आने लगा है। शुरूवात में तो दिन व रात के समय लोगों का आना जाना रहा और कुछ दिन यहां लाइटें भी जलती रही लेकिन इसका पानी कभी निकल ही नहीं पाया। मौजूदा शाम ढलते ही यह क्षेत्र पूरी तरह वीरान हो जाता है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, पहले यह जगह परिवारों और श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र थी, लेकिन अब यहां जाना जोखिम भरा महसूस होता है। वहीं बताया जाता है कि इसके निर्माण कार्य को लेकर सीएम, विजिलेंस जांच भी चल रही है।

करोड़ों खर्चे, नतीजा शून्य

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि इतनी बड़ी राशि खर्च करने के बाद भी अगर इस तरह की स्थिति बनी हुई है तो यह जनता के पैसे की बर्बादी है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि झील क्षेत्र की तुरंत सफाई करवाई जाए, झाड़ियों को हटाया जाए और यहां नियमित रखरखाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, सुरक्षा के दृष्टिकोण से यहां लाइटिंग और चैकीदारी की भी व्यवस्था की जाए, ताकि लोग बिना डर के इस स्थान पर आ-जा सकें।

झील में जमा हैं गंदा पानी, खड़े हैं सरकंडे

लोगों ने बताया कि झील में गंदा पानी जमा हो गया है और नियमित सफाई का कोई इंतजाम नहीं है। सरकंडों के होने के कारण जीव जंतु के होने का खतरा मंडराता रहता है। झाड़ियों और कचरे के कारण सांप और अन्य जहरीले जीवों का खतरा भी बढ़ गया है। इस स्थान पर कुछ समय पहले एक व्यक्ति का शव भी मिला था और यहां पर युवा नशे में धुत अक्सर देखने को मिलते हैं। इसके अलावा, असामाजिक तत्वों के जमावड़े की आशंका भी बनी रहती है, जिससे महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

म्हारा जोहड़ ए आच्छा था

शहरवासियों व आसपास लोगों का कहना है कि इस झील की बजाए तो उनका जोहड़ ए आच्छा था, कम तै कम पषुआ नैं पाणी पीण नै तो मिलै था। लोगों ने संबंधित प्रशासन को इस झील की सुध लेने की अपी की। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर समस्या को कब तक नजरअंदाज करता है या फिर लोगों की मांगों को ध्यान में रखते हुए झील को दोबारा उसके पुराने स्वरूप में लाने के लिए ठोस कदम उठाता है।

जल्द सुध ली जाएगी

इस मामले में नगर पालिका चेयरमैन सुंदर अत्री ने कहा कि झील की वर्तमान स्थिति को लेकर उन्हें जानकारी है और जल्द ही इसकी सुध ली जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि झील के आसपास की झाड़ियों को हटवाया जाएगा, नियमित सफाई करवाई जाएगी और आवश्यकतानुसार लाइटिंग व सुरक्षा के इंतजाम भी किए जाएंगे। ताकि लोग यहां पर घूमने आ-जा सकें।